नवोदय (Navodaya)

दिनाँक (Dated): 11.01.2024	पृष्ठ सं० (Page No). 02	क्रम सं०(Serial No.) 5

महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा में सीआईएसएफ तैनात

नई दिल्ली, 10 जनवरी (नवोदय टाइम्स): अयोध्या धाम में नव निर्मित महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा का जिम्मा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को सौंप दी गई है। इसके साथ ही सीआईएसएफ द्वारा सुरक्षा प्रदान किया जाने वाला यह 68 वां इंटरनेशनल एयरपोर्ट है।

■ देश के 68 हवाईअड्डों पर सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं सीआईएसएफ जवान

जहां बल के जवान 24 घंटे सातों दिन सुरक्षा प्रदान करेंगे।

बल के सहायक इंस्पेक्टर जनरल सह जनसंपर्क अधिकारी अपूर्व पांडेय ने बताया कि बुधवार को इसे लेकर एक इंडक्शन समारोह का आयोजन किया गया। जहां अतिथि के रूप में विजय प्रकाश, महानिरीक्षक, सीआईएसएफ एपीएस मुख्यालय और विनोद कुमार, एयरपोर्ट निदेशक ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। जहां आधिकारिक रूप से सीआईएसएफ ने एयरपोर्ट की सुरक्षा का कमान संभाल लिया।

▸▸अयोध्या के नवनिर्मित एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ जवान।